सिपाही भर्ती में पहले शारीरिक जांच, फिर सीईटी

आयोग ने बदली भर्ती प्रक्रिया, इस साल छह हजार सिपाही होने हैं भर्ती

चंडीगढ़। हरियाणा में अब पुलिस सिपाही भर्ती के लिए पूरी प्रक्रिया को बदल दिया गया है। पहली बार सिपाही भर्ती को भी संयुक्त पात्रता परीक्षा से गुजरना होगा। दूसरा, अब पहले अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण होगा और बाद में उनकी लिखित परीक्षा होगी। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव पर हरियाणा सरकार ने मुहर लगा दी है। भविष्य में इसी प्रक्रिया के तहत ही सिपाही पदों पर भर्ती की जाएगी।

हरियाणा में इस साल 6 हजार सिपाहियों की भर्ती होनी है, जिनमें 5 हजार पुरुष और 1 हजार महिला कर्मचारी होंगी। अगले माह में आयोग इन पदों को विज्ञापित करने जा रहा है। इनके लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को पहले शारीरिक परीक्षण (मापतोल और दौड़) से गुजरना होगा। जो शारीरिक परीक्षा पास करेगा, वहीं सीईटी दे सकेगा। अभ्यर्थियों का मैरिट के आधार पर चयन होगा। आयोग का दावा है कि इससे भर्ती प्रक्रिया में तेजी आएगी और अभ्यर्थियों की परेशानी भी कम होगी। ब्यूरो

इसलिए लिया फैसला

इससे पहले हरियाणा में पुलिस भर्ती के लिए पहले लिखित परीक्षा ली जाती थी और बाद में शारीरिक परीक्षण के लिए परीक्षा होती थी। आयोग और अभ्यर्थियों के सामने दिक्कत ये होती थी कई ऐसे अभ्यर्थी भी लिखित परीक्षा पास करके आ जाते थे, जिनकी लंबाई समेत अन्य कमियां होती थी। ऐसे में बिना शारीरिक शर्तों को पूरा किए भी काफी संख्या में अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो जाते थे। इससे भर्ती लंबी चलती थी और आयोग का समय अधिक लगता था, साथ ही अभ्यर्थियों को भी परेशानी झेलनी पड़ती थी।

सिपाही भर्ती संयुक्त पात्रता परीक्षा के माध्यम होगी। पहली बार पुलिस भर्ती प्रणाली को बदला गया है। अब पहले फिजिकल लिया जाएगा और बाद में लिखित परीक्षा होगी। पहले इससे उल्ट होता था और प्रक्रिया काफी लंबी चलती थी।
-भोपाल सिंह खदरी, चेयरमैन, एचएसएससी।

राज्य सलाहकार समिति की बैठक 25 को

चंडीगढ़। हरियाणा में बिजली की नई दरों को निर्धारित करने के लिए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने 25 जनवरी को राज्य सलाहकार समिति (एसएसी) की बैठक बुलाई है। पंचकूला स्थित आयोग कार्यालय में होने वाली बैठक में समिति के साथ दरों को लेकर समीक्षा की जाएगी और सुझाव भी मांगे जाएंगे। ब्यूरो